बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**सं0** :– 01/भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)अरवल–29/2022..4128.. पटना, दिनांक :– 21/07/2025

## आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, अरवल के पत्रांक 1070 दिनांक 26.11.2024 द्वारा श्री अविनाश कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02358) के संबंध में दिनांक 22.07.2024 से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने एवं दिनांक 25.11.2024 को योगदान करने संबंधी प्रतिवेदन देते हुए योगदान स्वीकृति पर मार्गदर्शन की मांग की गयी थी।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 233 दिनांक 15.01.2025 द्वारा सर्वप्रथम श्री कुमार से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिसका प्रतिउत्तर इनके द्वारा समर्पित किया गया। इनके द्वारा स्पष्टीकरण के साथ चिकित्सीय साक्ष्य संलग्न करते हुए उल्लेख किया गया है कि दिनांक 22.07.2024 से 23.11.2024 तक चिकित्सा में रहे हैं एवं दिनांक 25.11.2024 को इनके द्वारा योगदान किया गया है। साथ ही क्षमा याचना की गयी है।

श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 839 दिनांक 21.02.2025 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 22–। दिनांक 12.03.2025 द्वारा मंतव्य भेजा गया है। बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा श्री कुमार का चिकित्सीय प्रमाण पत्र एवं फिटनेश प्रमाण पत्र के आधार पर चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त करते हुए योगदान स्वीकृत करने की अनुशंसा की गयी है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य/अनुशंसा एवं श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण तथा संलग्न चिकित्सीय साक्ष्य के अवलोकनोपरांत कार्य नहीं तो वेतन नहीं के आधार पर श्री अविनाश कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02358) को स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

साथ ही चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में गलती की पुनरावृति करने पर इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

18/7

**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01/भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)अरवल–29/2022..4128.. **पटना, दिनांक** :– 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– श्री अविनाश कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02358), बंदोबस्त कार्यालय, अरवल को सूचनार्थ प्रेषित।

18/7

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

21/07/2025

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)अरवल–29 / 2022 4128 पटना, दिनांक :–

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, अरवल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)अरवल–29 / 2022 4128 पटना, दिनांक :– 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रोग्राम, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित कर्मी के डिजिटल संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप